

पट्टाभिषेक करते हुए संत।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 108 एवं खुशियों की सवारी के पूर्व फील्ड कर्मचारियों का धरना जारी

**(ईएमएस)** देहरादून। समायोजन, बहाली एवं पूर्व की भांति वेतन भत्ते व वेतन दिये जाने की मांग को लेकर आपातकालीन सेवा 108 एवं खुशियों की सवारी के पूर्व फील्ड कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना व प्रदर्शन को 18वें दिन भी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**(ईएमएस)** देहरादून। श्रीराम हिमालयन ग्रामीण विकास योग एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन राजकीय इंटर कालेज वाण्डा थौलधार में किया गया। इस अवसर पर योग शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदम्बा प्रसाद सेमवाल, संस्था की अध्यक्षा सविता एवं पूर्व प्रधान वाण्डा राजेन्द्र प्रसाद भटट द्वारा किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कमल द्वारा सभी छात्र छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया एवं योग के बारे में बताया गया। संस्था की अध्यक्ष ने बच्चों को प्रेरणास्त्रोत कहानियां सुनाकर बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और नित्य कर्म योग करने की सलाह दी।

### जनहित में धारा–4 के तहत आरकेडिया ग्रान्ट की भूमि अधिग्रहित करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। आवाजाही के लिहाज से आरकेडिया ग्रान्ट आसन क्षेत्र बहुत ही कष्टकारी सावित हो रहा है। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कै0 बलवीर सिह रावत ने कहा है कि पूर्व में प्रेमनगर, सेलाकुंई, सहसपुर से आने–जाने वाले वाहन बल्लूपुर से होते हुए आवाजाही करते थे, किन्तु वर्तमान में निरंजनपुर सब्जीमण्डी और आईएसबीटी से प्रेमनगर, सुद्धोवाला से सेलाकुंई की तरफ से आने–जाने वाले वाहन दूरी एवं समय के बचत के लिए शिमला बाईपास से गोरखपुर आरकेडिया ग्रान्ट से होते हुए गुजरते है जिसके कारण यहां के तंग मार्ग पर यातायात के भारी दवाब के कारण हर रोज जाम की स्थिति बन जाती है।

### गरीब बच्चों को मुफ्त पुस्तकें एवं स्टेशनरी वितरित की

**(ईएमएस)** देहरादून। नव केयर फाउंडेशन देहरादून के तत्वावधान में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पांच सौ से अधिक गरीब बच्चों को मुफ्त पुस्तकें एवं स्टेशनरी वितरित की। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों में कैम्प लगाकर बच्चों पुस्तकें एवं स्टेशनरी वितरण का कार्य किया गया। आगामी दिवस में भी निःशुल्क पुस्तकों का वितरण कार्य किया जायेगा।

# अडियल रवैये के कारण लगभग एक माह से ठप्प पड़ी है 108

**मांग**

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला, जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

### बकाया भुगतान न होने से किसानों में रोष व्याप्त है



सीएम से मुलाकात के दौरान कांग्रेस के नेता।

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुलाकात कर राज्य में घटित घटनाओं एवं जनसमस्याओं से सम्बन्धित पत्र सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने 26 अप्रैल को जनपद टिहरी गढ़वाल के नैनबाग तहसील के ग्राम श्रीकोट में घटित घटना की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि श्रीकोट में 27 साल के दलित युवक जितेन्द्र दास की कुछ लोगों द्वारा की गई निर्मम पिटाई के उपरान्त मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि स्व0 जितेन्द्र दास के परिवार में उनकी विधवा मां, अविवाहित बहन तथा एक छोटा भाई है। परिवार में स्व0 जितेन्द्र दास ही एकमात्र कमाने वाले थे जिससे पूरे परिवार का भरण–पोषण होता था। परिवार के कमाऊ मुखिया की मौत के उपरान्त उनके परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान वहां पर स्थानीय निवासियों से भी मेरी बातचीत हुई और सबका मानना है कि उत्तराखण्ड जैसे राज्य में इस प्रकार की घटना पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत चिन्ता का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि स्व0 जितेन्द्र दास के परिवार की दयनीय स्थिति को मद्देनजर रखते हुए उनकी अविवाहित छोटी बहिन को सरकारी नौकरी देने के साथ ही परिवार के भरण–पोषण हेतु 15 लाख रूपये का मुआवजा तत्काल दिया जाय।

एक अन्य मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिह ने उत्तराखण्ड राज्य में संचालित 108 आपातकालीन सेवा एवं खुशियों की सवारी में कार्यरत कर्मचारियों की के मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व में राज्य में 108 सेवा का संचालन जी.वी.के. कम्पनी द्वारा किया जा रहा था, परन्तु विगत 30 अप्रैल, 2019 को कम्पनी की निविदा अवधि पूर्ण होने के उपरान्त अब 108 सेवा के संचालन का ठेका मध्य प्रदेश की कैम्प नामक संस्था को दिया गया है। प्रीतम सिंह ने कहा कि 108 जैसी जीवनदायिनी आपातकालीन सेवा एवं खुशियों की सवारी उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का एकमात्र साधन है जो रिटेण्डरिंग के उपरान्त सेवा का संचालन करने वाली संस्था कैम्प प्रबन्धन के अडियल रवैये के कारण लगभग एक माह से ठप्प पड़ी हुई है। प्रदेश की चीनी मिलों द्वारा पिछली फसलों का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जिससे गन्ना किसान असमंजस की स्थिति में हैं तथा बकाया भुगतान न होने से किसानों में रोष व्याप्त है।

### केदार यात्रा के लिए हेली सेवा का किराया निर्धारित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में जारी केदारनाथ जी की यात्रा के लिए हेली सेवा के अन्तर्गत कुल 7 कम्पनियों को अनुमति प्रदान की गई है। जिन हेली सेवा कम्पनियों को अनुमति प्रदान की गई है उनमें सिरसी रूट के अन्तर्गत मै. हिमालयन हैली सर्विस प्रालि, फाटा रूट के अन्तर्गत मै. पवनहंस लि, मै. यूटी एयर इण्डिया प्रालि, मै. थम्बी एविएशन प्रालि, मै इण्डोकाप्टर प्रालि तथा गुप्तकाशी रूट के अन्तर्गत मै. आर्यन एविएशन प्रालि एवं मै. ऐरो एविएशन है। उन्होंने बताया कि प्रति तीर्थयात्री का एक ओर के किराए की दरें इस प्रकार रखी गई है। सिरसी से रुपये 2470, फाटा से रूपये 2399, गुप्तकाशी से रूपये 4275। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों को सूचित किया कि वे टिकट लेते समय दलालों और ठगों से सावधान रहें तथा किसी को भी निर्धारित किराये से अधिक भुगतान न करें। अधिक किराया मांगे जाने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन से संपर्क करें।

### फर्जी प्रमाणपत्रों से शिक्षा विभाग में नियुक्ति पाने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षा विभाग में फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए नियुक्ति पाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग उत्तराखंड में कार्यरत फर्जी शिक्षकों व अन्य समस्त शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग खंड देहरादून के विशेष अन्वेषण दल एसआईटी द्वारा की गई थी। एसआईटी टीम द्वारा जांच में रा0उ0प्रा0वि0 सुनार गांव, खंड डोईवाला में नियुक्त 'सहायक अध्यापक पुरुषोत्तम यादव' के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच करने पर पाया कि यादव द्वारा नियुक्ति के समय शिक्षा विभाग को दिए गए अपने हाईस्कूल के अंकपत्र व प्रमाण पत्र फर्जी थे।

# चार धाम यात्रा पर जा रहे टेंपो ट्रैवलर में लगी आग

**हादसा**

■ चालक समेत 13 यात्रियों ने कूदकर जान बचाई



टेंपो ट्रैवलर में लगी आग।

ऋषिकेश। **संवाददाता**

चार धाम यात्रा पर जा रहे यात्रियों से भरे एक टेंपो ट्रैवलर में अचानक आग लग गई। यात्रियों ने किसी तरह वाहन से बाहर कूद कर जान बचाई। यात्रियों का सभी सामान बस के साथ ही जल गया है।

जानकारी के मुताबिक गुजरात के सूरत से कुछ लोग चार धाम यात्रा के लिए आए थे। ऋषिकेश से उन्होंने तीन टेंपो ट्रैवलर बुक किए। ऋषिकेश से वाया मसूरी होते हुए यात्री गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए निकले थे। थानो–भोगपुर मार्ग पर बाला सुंदरी मंदिर के समीप अचानक टेंपो ट्रैवलर में आग लग गई। वाहन के अगले हिस्से की ओर से धुआं उठता देख चालक ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। मगर आग इतनी भीषण थी कि देखते देखते आग की लपटें वाहन के भीतर भी आ गई। यात्रियों ने किसी तरह बाहर कूद कर जान बचाई। उन्हें अपना सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। वाहन चालक अनुराग ने बताया कि संभवतया शॉर्ट सर्किट हो जाने से वाहन में आग लगी है। उन्होंने बताया कि टेंपो ट्रैवलर में चालक समेत 13 यात्री सवार थे। पूरा सामान जल जाने से यात्री हैरान परेशान हैं। कंट्रोल रूम ऋषिकेश के माध्यम से थाना रानीपोखरी को सूचना प्राप्त हुई कि थानों रोड, वन विश्राम गृह के पास एक वाहन टेंपो ट्रैवलर में आग लग गई है। उक्त सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष रानीपोखरी मय फोर्स के राहत व बचाव कार्य हेतु घटनास्थल पर पहुँचे तथा जौलीग्रांट एयरपोर्ट से वीवीआइपी ड्यूटी में नियुक्त फायर टेंडर को मौके पर बुलाया गया।

### जुटाई जा रही सुविधाएं

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब उन्हें आइवीपी (इंट्रावेनस पयलोग्राम) एक्स–रे की भी सुविधा मिलेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।